प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

पीएम–एमपी स्वदेशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि त्योहारों का मौसम स्वदेशी मंत्र को साबित करने का भी समय है। कल मध्य प्रदेश के धार में कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद उन्होंने नागरिकों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि वे जो कुछ भी खरीदें या बेचें वह भारत में निर्मित होना चाहिए।

सेवा पर्व

आज के भारत में खेती अब सिर्फ़ अनाज तक ही सीमित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि का विस्तार संबद्ध क्षेत्रों में भी हो रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों के लिए आय और लचीलेपन के नए स्रोत खुल रहे हैं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सरकार सभी किसानों को देश की विकास योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है।

भारत फलों, सब्जियों और मसालों के शीर्ष उत्पादक देशों में शामिल है। यह दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश भी है, जहाँ गाँवों में डेयरी समृद्धि का माध्यम बनकर उभर रही है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाएँ देशी मवेशियों की नस्लों में सुधार ला रही हैं। मत्स्य निर्यात 20 अरब डॉलर को पार कर गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मत्स्य पालन और जलीय कृषि का आधुनिकीकरण हो रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की लाभार्थी अनीता सिंह ने अपनी सफलता की प्रेरक बातें साझा की।

भाजपा सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान अलग अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज भाजपा शिमला के कालीबाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाएगी, जिसका शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल करेंगे।

बीएसएनएल–समझौता ज्ञापन

डाक विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड–बी एस एन एल ने देश भर में मोबाइल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए कल नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य डिजिटल जागरूकता को बढावा देना, ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं का विस्तालर करना और डिजिटल इंडिया की भावना को बल देना है। इससे देश के सुदूर इलाकों में दूरसंचार सेवाएं अधिक सुलभ और किफायती बनेंगी। इसके अंतर्गत, देश में एक लाख 65 हज़ार से अधिक डाकघरों में बीएसएनएल सिम कार्डों की बिक्री की जायेगी। डाक विभाग बीएसएनएल नेटवर्क के लिए एक महत्वपूर्ण चैनल के रूप में काम करेगा, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसकी उपस्थिति बढ़ेगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। जबकि कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने का सामचार है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ जिलों में वर्षा की संभावना है। विस्तृत ब्यौरो के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

*हिमाचल प्रदेश में मानसून का असर अभी भी जारी है और पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज भी प्रदेश के ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर में बारिश की संभावना है। जबकि अन्य जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है।मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 19 सितंबर से मौसम पूरी तरह साफ रहने का पूर्वानुमान लगाया जा रहा है। इसी दौरान प्रदेश में मॉनसून के विदा होने की भी संभावना जताई जा रही है। भारी बारिश के कारण प्रदेश में अभी भी दो एनएच सहित 517 सड़के यातायात के लिए बाधित है जबकि 441 बिजली ट्रांसफार्मर और 274 पानी की स्कीम में ठप्प पड़ी हैं।*

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला और दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है–आउटसोर्स पर नियुक्त कंप्यूटर शिक्षकों को बड़ी राहत, साल 2016 से नियमित करने के आदेश। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–आपदा प्रभावितों को किराया प्रदान करने की शर्तों में ढील देने पर होगा विचार। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–मरीजों के बेहतर उपचार के लिए व्यवस्था बदलेंगे मेडिकल कॉलेज, अब कंसल्टेंट भी देंगे नाइट डयूटी। हिमाचल दस्तक की एक खबर है–छह महीने में सरकार ने बेची 1 हजार 3 सौ 76 करोड़ की बिजली। दैनिक भास्कर लिखता है–शिमला एयरपोर्ट का रनवे नहीं बढ़ेगा, एएआई ने प्रोजेक्ट को किया खारिज। मॉनसून सीजन पर दैनिक सवेरा टाइम्स का कहना है–सूबे में सितंबर में सामान्य से 136 फीसदी अधिक बारिश।

———————